आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 07.01.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– सुकमा ज़िले में आज तेरह इनामी सहित छब्बीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

2– रायपुर स्थित जिला अस्पताल की लैब बनी देश की पहली नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडड्र्स से प्रमाणित प्रयोगशाला।

3– महासमुंद जिले में पुलिस ने एंबुलेंस से जब्त किया दो करोड़ साठ लाख रुपए कीमत का पांच सौ बीस किलो गांजा–तीन आरोपी गिरफ्तार।

और

4– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में कल होगा जनदर्शन का आयोजन।

............

माओवादी–आत्मसमर्पण

सुकमा ज़िले में आज छब्बीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से तेरह पर चौंसठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के अनुसार, सात महिलाओं सहित इन माओवादियों ने पूना मार्गेम पुनर्वास पहल के तहत वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है।

उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को पचास–पचास हजार रुपये की सहायता राशि दी गई और सरकार की नीति के अनुसार उनका आगे पुनर्वास किया जाएगा।

जनगणना–2027

छत्तीसगढ़ में जनगणना–दो हजार सत्ताईस को लेकर राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की पहली बैठक कल मुख्य सचिव विकास शील की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने बताया कि राज्य में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग है, जो भारत सरकार, जनगणना निदेशालय और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का कार्य करती है।

वहीं, जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक कार्तिकेय गोयल ने जनगणना की रूपरेखा, डिजिटल रोडमैप और संगठनात्मक ढांचे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह जनगणना देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संकलन किया जाएगा तथा संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग और प्रबंधन वेब–पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इस बार जनगणना में स्व–गणना का प्रावधान भी किया जाएगा, जिसके माध्यम से आम नागरिक अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे।

गौरतलब है कि जनगणना के पहले चरण में इसी वर्ष मकान–सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य एक अप्रैल से तीस सितम्बर के बीच किया जाना प्रस्तावित है। वहीं, दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी महीने में पूरे देश में एक साथ पूरा किया जाएगा। मुख्य सचिव विकास शील ने संबंधित विभागों को स्कूली बच्चों की पढ़ाई, मानसून आदि को ध्यान में रखते हुए तीस दिनों की अवधि में निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री–बधाई

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने जिला अस्पताल रायपुर स्थित इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स का प्रमाणन प्राप्त होने पर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को लिखे पत्र में श्री नड्डा ने उल्लेख किया कि रायपुर आईपीएचएल देश में अपनी तरह की पहली प्रयोगशाला बन गई है, जिसे यह प्रतिष्ठित प्रमाणन प्राप्त हुआ है। केन्द्रीय मंत्री ने राज्य सरकार से कहा है कि वह रायपुर मॉडल को श्रेष्ठ अभ्यास के रूप में अपनाते हुए राज्य के अन्य जिलों और क्षेत्रों में भी उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक सेवाओं का विस्तार सुनिश्चित करे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट कियझं

गांजा–बरामद

---

महासमुंद जिले में पुलिस ने एक एंबुलेंस से दो करोड़ साठ लाख रुपए कीमत का पांच सौ बीस किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों आरोपी ओड़िशा के भवानीपटना से गांजा लेकर नागपुर, महाराष्ट्र जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने टेमरी चेक पोस्ट पर तलाशी अभियान के दौरान इन लोगों को पकड़ा। तीनो आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। कोमाखान पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

मुख्यमंत्री–जी–राम–जी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि विकसित भारत जी–राम–जी अधिनियम हर मायने में मनरेगा से अधिक प्रभावी और बेहतर है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब ग्रामीण मजदूरों को एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार मिलेगा।

जनदर्शन

रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कल आठ जनवरी गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

मुख्यमंत्री–बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में बिलासपुर नगर निगम और आसपास के क्षेत्रों के विकास को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में बिलासपुर शहर तथा बाह्य क्षेत्रों में संचालित और प्रस्तावित विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को तय समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर को उद्योग और पर्यटन की दृष्टि से प्राथमिकता में रखते हुए विकास की योजनाएं तैयार की जाएं।

बैठक में सिम्स के नए अस्पताल भवन के लिए एएस जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को पीपीपी मोड पर संचालित करने का निर्णय लिया गया। बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए डिफेंस को राशि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही एयरपोर्ट के अन्य विकास कार्यों और नाइट लैंडिंग सुविधा को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए।

सिंगल यूज प्लास्टिक–प्रतिबंध

---

राज्य शहरी विकास अभिकरण–सुडा ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी किया है। सुडा ने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सभी निकायों को इस संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी हर महीने स्वच्छ भारत मिशन–शहरी के मिशन संचालक को उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

सुडा ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अधिकारियों को भेजे परिपत्र में स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर–टू–डोर सिंगल यूज प्लास्टिक के वैकल्पिक उपायों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने को कहा है।

दीदी के गोठ

---

लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' के छठवें एपिसोड का प्रसारण आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से कल आठ जनवरी को दोपहर दो बजे से किया जाएगा। यही कार्यक्रम बस्तरिया भाषा में आकाशवाणी केंद्र जगदलपुर और सरगुजिहा भाषा में आकाशवाणी केंद्र अंबिकापुर से दोपहर ढाई बजे से प्रसारित होगा। इस कार्यक्रम में दुर्ग, बालोद और गरियाबंद जिलों की दीदियां अपने जीवन के अनुभव साझा करेंगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री विजय शर्मा का संदेश भी प्रसारित किया जाएगा।

राष्ट्रीय–जंबूरी

---

छत्तीसगढ़ भारत स्काउट्स और गाइड्स के तत्वावधान में राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का आयोजन नौ से तेरह जनवरी तक बालोद जिला स्थित दुधली में किया जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की मेजबानी छत्तीसगढ़ को पहली बार मिली है। इस जंबूरी में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग बारह से पन्द्रह हजार रोवर–रेंजरों के शामिल होने की संभावना है।

इस बीच, जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया में आयोजन स्थगित किए जाने की खबर को पूरी तरह असत्य और निराधार बताया है। अधिकारियों ने कहा है कि राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी अपने निर्धारित तिथि और कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जा रही है।

मौसम

---

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के एक–दो इलाकों में शीतलहर चलने की संभावना है। वहीं, उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी दी गई है। प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान तीन दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण अगले चौबीस घंटों में न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक कमी होने की बात कही है।

संक्षिप्त समाचार

– आदिम जाति विकास, मंत्री रामविचार नेताम और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खड़गवां जनपद से जर्नी ऑफ सेनीटेशन हाईजिन–जोश का शुभारंभ किया।

और

– अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट कल रायपुर आएंगे और प्रदेश कांग्रेस की बैठकों में शामिल होंगे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>